

# 60 वर्ष तक नौकरी और जीवन निर्वाह वेतन की मांग

- 21 अप्रैल को सड़क पर उतरेंगे आउटसोर्स कर्मचारी



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और ठेका कर्मचारी अपने अधिकारों की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं। भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय आह्वान पर 21 अप्रैल (मंगलवार) को उज्जैन में ऊर्जा, नगर निगम, कृषि उपज मंडी, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकालेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

विभाग प्रमुख सतीश शर्मा और जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि दोपहर 1 बजे सभी आउटसोर्स कर्मचारी फ्रीगंज स्थित टावर चौक पर एकत्रित होंगे। यहां से हकों की आवाज बुलंद करते हुए बाइक रैली की शुरुआत होगी। इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के ठेका श्रमिक प्रभारी राजन नायर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।ऊर्जा विभाग के प्रदेश सचिव राहुल मालवीय ने बताया कि रैली टावर चौक से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम माधव नगर होते हुए एलआईसी चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचेगी। यहां अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के पश्चात रैली दशहरा मैदान और कालिदास अकादमी के सामने से गुजरते हुए कोठी पैलेस पहुंचेगी। कोठी पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ ही इस विरोध प्रदर्शन का समापन किया जाएगा।

**ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें:** कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में प्रदेश के समस्त विभागों में काम करने वाले आउटसोर्स और ठेका श्रमिकों के लिए निगम, मंडल या आयोग का गठन करना, 60 वर्ष तक की नौकरी की पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना, जीवन निर्वाह के योग्य सम्मानजनक वेतन देना, श्रम कानूनों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करना और हर महीने की एक निश्चित तारीख पर वेतन का भुगतान करना शामिल है।

**मांगें नहीं मानी तो भोपाल में करेंगे जंगी प्रदर्शन**

भारतीय मजदूर संघ आउटसोर्स कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो अगले चरण में मध्य प्रदेश के समस्त विभागों के लाखों ठेका श्रमिक राजधानी भोपाल पहुंचकर उग्र धरना, प्रदर्शन और रैली करेंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला महामंत्री किशन सिंह शेखावत के नेतृत्व में संघ कार्यालय पर सभी आउटसोर्स कर्मचारी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई।

# वर्धमान फिटनेस डे पर 200 से अधिक युवा जोड़ों ने किया योग और जुंबा

- 100 से अधिक सदस्यों की हुई नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच

**उज्जैन। दिगंबर जैन वर्धमान ग्रुप द्वारा सदस्यों के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए 12 अप्रैल, रविवार को माधव क्लब में वर्धमान फिटनेस डे का आयोजन किया गया।सुबह 7 से 11 बजे तक चले इस कार्यक्रम में 200 से अधिक युवा दंपति और बच्चों ने भाग लिया।**

इस दौरान सदस्यों ने विशेष योग, जुंबा और फिटनेस गेम्स का आनंद लिया। ग्रुप के अध्यक्ष हितेश-तनु बड़जात्या और सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रजनेश जैन और डॉ. सुमेका जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंगलाचरण ऋषिका-नमन बिलाला एवं लीना-सुनय कासलीवाल ने प्रस्तुत किया।

ग्रुप के कोषाध्यक्ष आदिश-खुशी विनायका ने बताया कि आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में फिटनेस की ओर किसी का ध्यान नहीं रहता, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रशिक्षित ट्रेनर भाग्यश्री यादव, याशिका चोपड़ा और लोकित चावड़ा द्वारा सभी को योग, जुंबा और फिटनेस गेम्स का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वर्धमान हेल्थ केयर द्वारा नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच कराई गई, जिसमें 100 से अधिक सदस्यों ने जांच करवाई। ग्रुप सदस्य विवेक जैन द्वारा सभी के लिए पौष्टिक स्वल्पाहार और जूस की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के अंत में ग्रुप के चेयरमैन पंकज-रेणु जैन ने मुख्य अतिथियों और सभी ट्रेनर्स का आभार माना। इस अवसर पर आनंद-करुणा जैन, डॉ. अमित-अंशु जैन, विजय-ममता पाटौदी, महावीर-सारिका जैन, शैलेंद्र जैन, केतुल-रूपल शाह, दिवेश-रश्मि सेठी, रोहिल, योगेंद्र बड़जात्या, पिंकी जरीवाला, नितिन-स्वाति जैन, विनय-प्रिया विनायका, नितिन-अंकिता जैन, संदीप-नेहा जैन, जितेंद्र-नीलू बागड़िया, अवतंस-ज्योति जैन और मनोज जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण आयोजित



**घट्टिया।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यबल एमटीएफ मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के लिए पहल के अंतर्गत स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में हेल्थ एवं न्यूट्रिशन सत्र का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. श्वेता भल्ला ने विद्यार्थियों को स्वस्थ आहार एवं व्यायाम पर व्याख्यान दिया तथा विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. सुनील गुजराती, डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. दयाराम मुझाल्दा, डॉ. श्वेता सोलंकी एवं डॉ. ज्योति दातिर सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम नारी शक्ति वंदन का आयोजन संपन्न



**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी उज्जैन जिला ग्रामीण का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को दिखाया। इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, जिला पंचायत सदस्य अजीत परमार, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा सोनी, जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला मंत्री रितु पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष ज्योति पलोड़ ,पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना जैन, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मनीषा शर्मा और महिला मोर्चा जिले की पदाधिकारी बहने उपस्थित थीं। संचालन उमा पांडे ने किया आभार ललिता परमार ने माना।

### पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए महिलाएं बनीं नीर प्रहरी, अवंति कल्याण मंडल ने बांटे नीर पात्र



**उज्जैन।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से 12 अप्रैल को अवंति पार्श्वनाथ मंदिर में अवंति कल्याण मंडल महिला मंडल की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। आओ नीर प्रहरी बनें अभियान के तहत जीव दया को प्राथमिकता देते हुए बैठक में पक्षियों के लिए नीर पात्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल की सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि वे पूरी गर्मी में पक्षियों के लिए अपनी-अपनी छतों पर रोजाना दाना और स्वच्छ पानी भरकर रखेंगी। मंडल अध्यक्ष आभा बांठिया ने जानकारी दी कि इस पुनीत कार्य और वार्षिक बैठक में विशेष रूप से चंदन जैन, रीना कोठारी, नीना सर्राफ, दीपिका सेठिया, सोना जैन, मीना संघवी, सपना तांतेड़, रानी कोठारी, हिना सैलवाड़िया, पुष्पा नाहर, सपना लोढ़ा, साधना लोढ़ा, कल्पना जैन, संगीता जैन, प्रणिता चौरड़िया, जया कोठारी, रानी गुप्ता, रजनी जैन, रेखा संघवी और रिंकू जैन सहित अन्य गणमान्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

### साइकिल चालक दल ने एक ही रात में पूरी की 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा




**उज्जैन।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की उज्जैन इकाई के साइकिल चालक दल ने एक ही रात में 118 किलोमीटर लंबी और कठिन पंचक्रोशी यात्रा पूरी कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान साइकिल सवारों ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। यूथ हॉस्टल के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि साइकिल चालक दल रात 8 .30 बजे फ्रीगंज स्थित टॉवर से पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के लिए रवाना हुआ था। रातभर लगातार साइकिल चलाते हुए अगले दिन सुबह 8 .30 बजे पुन: टॉवर पर ही इस यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का कुशल संचालन प्रदीप पिंगले ने किया। इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में युवाओं के साथ-साथ कई वरिष्ठजनों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यात्रा का मार्गदर्शन गोपाल महाकाल, दिलीप सिंह चौहान, प्रदीप पिंगले और नीता कुकडे द्वारा किया गया। पंचक्रोशी यात्रा करने वाले इस साइकिल चालक दल में दिलीप चौहान, श्रीकांत चौधरी, अरुण देशपांडे, शशिकांत विरकर, अशोक वर्मा, नंदकिशोर पांडे, आशुतोष पंडित, अमिताभ पंडित, शाहिद खान, उल्लास मोढे, नजमुद्दीन सैफी, तहा मर्चेंट, हिमांशु भट्ट और अस्मिता भट्ट शामिल थे।

# श्रद्धालुओं के लिए नवाचार : पार्किंग से घाट तक बनेगी बाधा रहित राह

- - उज्जैन में सुगम दर्शन, आसान आवागमन की बड़ी तैयारी
- आधुनिक व्यवस्थाओं का भव्य संगम



**उज्जैन।** श्रद्धालुओं की सुविधा को केंद्र में रखते हुए पार्किंग से घाट तक पहुंच को पूरी तरह सहज और बाधारहित बनाने पर विशेष फोकस रखा गया है। श्रद्धालु मंदिर से लेकर घाट तक और संतों से लेकर स्नान के लिए नदी तक निर्बाध तौर पर पहुंच सके इसके मद्देनजर विशेष मार्ग प्रशस्त किए जा रहे है।

नवभारत से चर्चा में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि इंदौर-देवास मार्ग से आने वाले वाहनों के लिए गंगेडी, धरमबड़ला, सिकंदरी, दाऊदखेड़ी, हाटकेश्वर और गोठड़ा क्षेत्रों में विकसित किए जा रहे विशाल पार्किंग स्थलों से घाटों तक सीधी, सुगम और सुरक्षित कनेक्टिविटी पर काम आगे बढ़ रहा है। महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकुंभ 2028 को लेकर अभूतपूर्व स्तर पर तैयारियां आकार ले रही हैं। शहर का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण, टू-लेन से लेकर फोर, सिक्स और आठ लेन तक सड़कों का विस्तार, एयरपोर्ट, रोप-वे, मेडिसिटी, विक्रम उद्योगपुरी और आईटी पार्क जैसे बड़े प्रकल्पों के साथ उज्जैन वैश्विक धार्मिक नगरी के रूप में उभर रहा है। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह भी सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस नवाचार में जुटे हैं।

**बिना अवरोध पहुंचेंगे श्रद्धालु:** श्रद्धालु बिना किसी अवरोध के पार्किंग स्थल से शिप्रा घाट, अखाड़ों और महाकाल मंदिर तक पहुंच सकें- इसी उद्देश्य के साथ मार्गों को सरल, चौड़ा और व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान वाहनों के अत्यधिक दबाव को देखते हुए वैकल्पिक पार्किंग और रूट प्लान भी तैयार किया जा रहा है, ताकि हर स्थिति में यातायात सुचारू बना रहे।

**समग्र व्यवस्था में नवाचार :** महाकुंभ के दौरान 13 अखाड़ों के संत-महंतों के दर्शन, महाकाल के आशीर्वाद और मोक्षदायिनी शिप्रा में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समग्र व्यवस्था को नए स्वरूप में ढाला जा रहा है। लक्ष्य स्पष्ट है- हर श्रद्धालु को निर्विघ्न, सहज और आध्यात्मिक अनुभव मिले।

**आदर्श धार्मिक स्थल:** सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय और दिव्य बनाने के लिए परिवहन, पार्किंग और आवागमन की यह समेकित योजना उज्जैन को एक आदर्श धार्मिक आयोजन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

**एक साथ 5 करोड़ लोगों के स्नान की व्यवस्था**

जल संसाधन विभाग द्वारा 29 किलोमीटर घाट बनाए जा रहे हैं, नदी किनारे विकसित हो रहे घाटों पर एक साथ 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था और पूरे महाकुंभ के दौरान लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान इस आयोजन की भव्यता को दर्शाता है।

# राष्ट्रभक्ति का अलख जगाने प्रमुख जन संवाद कार्यक्रम





**बड़नगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला नागदा के तत्वावधान में रविवार को बड़नगर के निजी गार्डन में प्रमुख जन संवाद का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर एवं इंगोरिया खंड के प्रमुखजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांत सह प्रमुख विवेक दुबे एवं जिला संघचालक प्रकाश पाटीदार द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया।

**राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन:** मुख्य वक्ता विवेक दुबे ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि युवा देश की शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे न केवल अपने करियर पर ध्यान दें, बल्कि समाज सेवा, अनुशासन और उच्च संस्कारों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संघ के मूल्यों और कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी के दौरान मुख्य रूप से इन विषयों पर विमर्श हुआ। युवा सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता का भाव, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण, संगठनात्मक चेतना का विकास।

**एक युवा-एक पौधा का संदेश**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं को पौधों का वितरण किया गया। एक युवा, एक पौधा के संकल्प के साथ युवाओं को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिले और नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध जन और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। कार्यक्रम की जानकारी नगर प्रचार प्रमुख हेमंत परमार द्वारा दी गई।

# मादक पदार्थ स्मैक खरीदने और बेचने वाले पकड़ाए



**महिदपुर।** एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में थाना महिदपुर में 11 अप्रैल को थाना हाजा पर अवैध मादक पदार्थ क्रय विक्रय की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एनबी सिह परिहार ने एक टीम गठित की। टीम को गंगावाडी मेला ग्राउण्ड में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक को क्रय विक्रय करने के लिये खड़े हैं।

थाना प्रभारी, उनि सुखसेन अरियाम, सउनि वीपी सिह परिहार, आरक्षक आदिराम, मोहरसिह, प्रवीणसिंह, राघवसिंह, नारायण बताये स्थान पर पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति खड़ा मिला जिसको पकड़ा व नाम पता पूछते अपना नाम सलमान पिता मकसूद अहमद उम्र 22 साल निवासी केसरपुरा इन्द्रा कालोनी महिदपुर का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पॉलीथिन में मादक पदार्थ स्मैक कुल बजनी 8 ग्राम कीमती 80,000 रुपए मिली जिसको जब्त किया और आरोपी सलमान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने स्मैक पाऊडर जाहिद शाह पिता शहजाद जाति फकिर निवासी जाना साहब का मोहल्ला जावरा हाल मुकाम फकीर मोहल्ला महिदपुर से खरीदना बताया। बाद में आरोपी जाहिद शाह को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## एक नजर

**भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय बोलीं**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा...



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने सोमवार को भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा।

यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया। लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति से हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण देने वाला 'नारी शक्ति वंदन' कानून लागू होने के बाद देश की आधी आबादी को उसका पूरा हक मिल जाएगा। अब देश की संसद और राज्यों के विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा तो महिलाएं देश को आत्मनिर्भर बनाने में अभूतपूर्व योगदान देने में पीछे नहीं रहेंगी। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज समृद्ध होता है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। यह बहुत बड़ा और मजबूत कदम है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बड़ा कदम है।

## डॉ. अंबेडकर और सफदर हाशमी की स्मृति में पक्षियों के लिए बांटे गए जल पात्र

**उज्जैन।** भीषण गर्मी को देखते हुए सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जल पात्र बांटे गए। यह पुनीत कार्य संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और क्रांतिकारी रंगकर्मी सफदर हाशमी की स्मृति में किया गया। संस्था के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेजुबान पक्षियों के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर संस्था सदस्य रीना तिवारी, निकिता थावलिया, आयुषी शर्मा, अनुदीप गंगवार, विजय चौहान, दरक्कशा खान, आकाश राठौर, आशा जी, शहजाद खान, जाहिद नूर, इरफान अंसारी, एडवोकेट हाजी इस्माइल भाई रंगवाला, उस्मान हसन, शाकिर शेख, नासिर मंसूरी और यूनुस शेख ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जल पात्रों का वितरण किया। इस दौरान समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी हो जाती है, जिससे पक्षियों के सामने जीवन का संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे में हमें इनके लिए छतों और बालकनी में जल पात्र और दाने रखना चाहिए।

# डॉ. कपाड़िया ने किया बच्चे का जटिल ऑपरेशन



**बड़नगर। शहर के वरिष्ठ एवं अनुभवी शल्य चिकित्सक डॉ. एलए कपाड़िया द्वारा एक छोटे बच्चे में पाए गए मल्टीपल हाइडेटिड सिस्ट का सफलतापूर्वक ऑपरेशन स्थानीय अशोक हॉस्पिटल में किया गया। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल और संवेदनशील था, क्योंकि बच्चों में इस प्रकार की सिस्ट बहुत नाजुक होती है और सर्जरी के दौरान इसके फटने का खतरा बना रहता है।**

इसके फटने से गंभीर एलर्जिक रिएक्शन या अन्य शारीरिक जटिलताएं हो सकती थीं। अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और सटीक तकनीक के साथ डॉ. एल.ए. कपाड़िया ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को पूरी सावधानी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के दौरान सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया। जिससे बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। इतनी बड़ी और जटिल सर्जरी को बहुत ही कम शुल्क पर सफलतापूर्वक करने के लिए डॉ. कपाड़िया बधाई के पात्र हैं। वर्तमान में बच्चा पूर्णत: स्वस्थ है और तेजी से सुधार (रिकवरी) कर रहा है, जो इस सफल उपचार का सबसे बड़ा प्रमाण है। अशोक हॉस्पिटल परिवार बच्चे के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करता है तथा पूरी सर्जिकल टीम को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है।